# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026








## खबर संक्षेप

### जिले में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

**महासमुंद।** जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु फरवरी 2026 से 100 दिवसीय विशेष अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी-2030) के अनुरूप जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। विगत वर्ष 2024 में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयासों से जिले की 278 ग्राम पंचायतों को भारत सरकार द्वारा टीबी मुक्त पंचायत का दर्जा प्रदान किया गया था। यह उपलब्धि जिला प्रशासन द्वारा संचालित टीबी मुक्त महासमुंद अभियान की सफलता का परिणाम रही है। वर्ष 2025 में भी टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिसके क्रम में फरवरी 2026 से यह विशेष 100 दिवसीय अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रत्येक सप्ताह उपचाररत टीबी मरीजों के घर जाकर उनकी नियमित निगरानी करें तथा विभागीय सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उच्च जोखिम वाले चिन्हांकित ग्रामों में समस्त आबादी की स्क्रीनिंग की जाएगी।

### अवरोध : दान की भूमि को निजी बताकर रोक का आरोप

# तरेकेला में भागवत कथा को लेकर विवाद गहराया,ग्रामीणों में आक्रोश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

तरेकेला गांव में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा इस वर्ष गंभीर विवादों के कारण चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों के आक्रोश और विरोध के बीच जिस स्थान पर वर्षों से भागवत कथा का आयोजन होता आ रहा था, वहां इस बार कथा आयोजन को लेकर अवरोध उत्पन्न किया गया। विवाद की जड़ दान में दी गई आश्रम की भूमि को निजी भूमि बताए जाने और उसी आधार पर कथा स्थल पर रोक लगाए जाने से जुड़ी हुई है। ग्रामीणों एवं दानदाता परिवार का आरोप है कि आश्रम की लगभग 11 एकड़ दान की भूमि को गोपालदास द्वारा अपने निजी स्वार्थ के लिए आश्रम सहित अपने नाम पर दर्ज करा लिया गया है। इसी भूमि पर वर्षों से धार्मिक आयोजन एवं श्रीमद्भागवत कथा होती आ रही है, लेकिन इस वर्ष गोपालदास द्वारा पिथौरा एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर प्रशासनिक आदेश के माध्यम से कथा स्थल पर रोक लगवाई गई, जबकि कथा की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। इस मामले में दानदाता दाऊ परिवार, ग्राम सरपंच, पंचगण एवं अधिकांश ग्रामीण एकजुट होकर भागवत कथा के पक्ष में खड़े नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल जमीन का विवाद नहीं, बल्कि उनकी धार्मिक आस्था और परंपरा पर सीधा प्रहार है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भगवान की पावन भागवत कथा तक को रोकने का प्रयास कर आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया। ग्रामीणों ने मुख्तियार हरिश्चंद दास पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हरिश्चंद दास ने गोपालदास का सहयोग करते हुए कथित रूप से गलत दस्तावेज तैयार कराए और दान की भूमि को निजी नाम में दर्ज कराने में अहम भूमिका निभाई। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है और दोनों के कृत्यों की कड़ी निंदा की जा रही है। विवादों के बीच भी तरेकेला आश्रम पीठाधीश्वर महंत लखन मुनि ने धार्मिक परंपरा और श्रद्धालुओं की आस्था को सर्वोपरि रखते हुए श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को साकार किया।

विधिवत एवं भव्य कलश यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कबीर कुटी आश्रम तरेकेला तक निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष एवं ग्रामीण शामिल हुए। जयघोष और भक्ति संगीत के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा, जिसके पश्चात विधि-विधान से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। महंत लखन मुनि ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धर्म और आस्था की परंपरा को टूटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण करने की अपील की। फिलहाल, यह विवाद शासन-प्रशासन तक पहुंच चुका है। ग्रामीणों की मांग है कि दान की भूमि से जुड़े सभी दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा और ग्रामीणों की आस्था की रक्षा हो सके।

## बल्दीडीह में नए गौ धाम के शुभारंभ की तैयारी गौ सेवा आयोग ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप



ग्राम बल्दीडीह में प्रस्तावित नए गौ धाम के शुभारंभ को लेकर गौ सेवा आयोग के पदाधिकारियों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग जिला अध्यक्ष नीलेश पटेल, जिला सदस्य गीतेश पंडा, गौ सेवा आयोग महासमुंद विकास खंड सदस्य राजा अग्रवाल तथा कमलेश डड़सेना विशेष रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान गौ धाम में गौवंश के लिए पेयजल, चारा, शेड, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं चिकित्सा सुविधा जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गौ धाम प्रारंभ होने से क्षेत्र के निराश्रित एवं बेसहारा गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा। गौ सेवा आयोग के पदाधिकारियों ने गौ धाम संचालन को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सेवा भावना से संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय गौ सेवकों एवं ग्रामीणों के सहयोग से गौ संरक्षण को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के पश्चात शीघ्र ही सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर गौ धाम को विधिवत प्रारंभ किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही आवेदित महिला स्वसहायता समूह के मातृशक्तियों से मिलकर उनसे विस्तृत चर्चा की गई और बताया गया कि गौधाम योजना से महिला सशक्तीकरण एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए रोजगार के अनेकों साधन है,जिनका समय-समय पर गौधाम समिति द्वारा उक्त गौधाम में कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## कलचुरी रत्न सम्मान से सम्मानित हुए प्रकाश



**बसना।** जनसेवा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्थानीय कलार समाज भवन में आयोजित बैठक एवं सम्मान समारोह के दौरान जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 21 अंकोरी प्रकाश सिन्हा को कलार समाज द्वारा कलचुरी रत्न सम्मान–2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सिन्हा के साथ नगर पंचायत बसना के पार्षद राकेश डड़सेना एवं राष्ट्रसेवा में समर्पित सेवानिवृत्त सैनिक लोकनाथ डड़सेना को भी आत्मीय रूप से सम्मानित किया गया, जिससे समारोह और अधिक गरिमामय बन गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रकाश सिन्हा ने कहा कि कलार समाज द्वारा दिया गया यह सम्मान उनके लिए गर्व के साथ-साथ समाज के प्रति और अधिक जिम्मेदारी का बोध कराता है। उन्होंने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सदैव समाज के हर वर्ग के हित, सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और जनसेवा की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

## फुलझर देवरी मसीही मेला का आयोजन

**बसना।** क्षेत्र के फुलझर देवरी पर्रापाट में आयोजित होने वाला 67वां मसीही मेला का उद्घाटन समारोह हर्षोल्लास के साथ हुआ। मेले का उद्घाटन डीकन प्रेम किशोर बाघ अध्यक्ष भारतीय जनरल कांफ्रेंस मेनोनाइट कलीसिया द्वारा किया गया।



आयोजन समिति ने बताया कि यह मेला 5 फरवरी से 8 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस बार मुख्य वक्ता एच. रामबली सिंह (देहरादून, उत्तराखंड) से हैं। मेले में प्रतिदिन धार्मिक सभाएं, गीत-संगीत, बाइबल प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताएं और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मेला समिति के पदाधिकारियों में पादरी प्रेम प्रकाश बाघ (मेला सभापति), पादरी मिकाएल सागर (मेला उप-सभापति), पादरी नवीन रनबीड़ा (मेला सचिव), डीकन प्रेम किशोर बाघ (मेला संरक्षक), शरद बाघ (मेला प्रबंधक) और डीकन दानिएल तांडी (मेला कोषाध्यक्ष) शामिल रहें।

# बेमचा में हुई विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा महासमुंद विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन शाउमावि बेमचा खेल मैदान में किया गया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना एवं खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना को लेकर किया गया। आयोजन प्रभारी डा. सेवन दास मानिकपुरी रहे।

इस प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला प्रतिभागी खो-खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल, 100 मीटर, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक खेल विधाओं में शामिल हुए। प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्साह के साथ प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि संगीता राहुल चंद्राकर सदस्य जनपद पंचायत महासमुंद, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, उपसरपंच बेमचा सुनीता कहार, विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष लखनू निर्मलकर, प्राचार्य एसएल पाटकर आदि उपस्थित रहे।



संगीता राहुल चंद्राकर ने कहा कि इस तरह के खेल में शामिल होते रहे और आगे बढ़ते रहे। प्रतियोगिता में बेलसोंडा, भोरिंग, बेमचा, नयापारा, खट्टी, तुमगांव, छपोराडीह, परसदा, सोरिद, खैरझिटी, कौंदकेरा, मुढ़ेना एवं शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों ने भागीदारी किया। प्रतियोगिता के परिणाम 9 से 18 वर्ष रस्सा कसी में प्रथम स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा, द्वितीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कन्या शाला खट्टी प्रथम स्थान प्राप्त किया, खो खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग, द्वितीय स्थान सेजेस तुमगांव ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में गुंजा रानी ठाकुर आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नयापारा एवं द्वितीय स्थान प्रियंका साहू बेलसोंडा, 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान शालिनी मानिकपुरी भोरिंग एवं द्वितीय स्थान निशा ध्रुव बेलसोंडा ने प्राप्त किया। तवा फेंक में प्रथम स्थान शिवानी बघेल बेलसोंडा एवं द्वितीय स्थान खिलेश्वरी खट्टी ने प्राप्त किया। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग में रस्साकसी प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत बेमचा के महिलाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बेमचा, 100 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान ममता धीवर भोरिंग एवं द्वितीय स्थान तृषा शर्मा नयापारा महासमुंद ने प्राप्त किया। तवा फेंक में प्रथम स्थान ममता धीवर भोरिंग ने प्रथम स्थान एवं रामेश्वरी दीवान छपोराडीह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

आयोजन को सफल बनाने में व्यायाम शिक्षक डॉ सेवन दास मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू, नीलम सिंहा, इंद्राणी भास्कर, रामेश्वरी दीवान, तृषा शर्मा, कामता प्रसाद साहू, तोरण यादव, किरण पटेल, विनोद वर्मा एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ बेमचा का सहयोग रहा। मंच संचालन सेवन दास मानिकपुरी एवं आभार व्यक्त खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने किया। खिलाड़ियों के विजेता बनने पर प्राचार्य भोरिंग कमलेश्वरी साहू, पोखन ढीढी, व्यायाम शिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई एवं विद्यालय स्टॉफ ने हर्ष जताया।



## आस्था, परंपरा और एकता का संगम बना शबरी मेला महोत्सव : प्रकाश

**बसना।** ग्राम सिंघनपुर में आयोजित शबरी माता माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का समापन कार्यक्रम देर रात तक श्रद्धा, आस्था एवं सांस्कृतिक उल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 21 अंकोरी प्रकाश सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश सिन्हा ने शबरी माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। सवरा समाज के संरक्षक जयदेव भोई, प्रदेश प्रवक्ता एवं संचालक डॉ. तपन भोई समेत पदाधिकारियों द्वारा समस्त अतिथियों का अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। सिन्हा ने अपने संबोधन कहा कि शबरी माता माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सवरा समाज की आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का सशक्त प्रतीक है। विराट धनुजात्रा, मीना बाजार, दंड नृत्य एवं फूलझड़ी जैसे आयोजनों ने नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। ऐसे आयोजन समाज की जड़ों को मजबूत करते हैं और संस्कारों को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से गांव के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील भी की।

# वार्षिकोत्सव से होता है बच्चों के सामाजिक कर्तव्य बोध का मूल्यांकन : निखिलकांत

**महासमुंद।** नगर के एफसीआई रोड स्थित शासकीय श्रीराम पाठशाला में आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इस दौरान स्कूली बच्चों व स्कूल प्रबंधन द्वारा साहू का आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति से लोगों को भाव-विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि साहू ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों के सामाजिक कर्तव्य बोध का मूल्यांकन होता है। यह अभिभावकों के लिए भी अपने बच्चों में ज्ञान के स्तर को परखने का अच्छा अवसर है। उन्होंने बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया। इस अवसर पर पार्षद राजेंद्र चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि भरत खत्री, तारक चांडक, संचालक समग्र शिक्षा नंद किशोर सिन्हा, डीपीसी प्रमोद कन्नौजे, प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम, चमेली चंद्राकर, शिक्षक किशोर देवांगन, लक्ष्मी मानिकपुरी, लीनू चंद्राकर,



गीता गोस्वामी, हेमन लाल चक्रधारी, सेवानिवृत शिक्षक यशोदा तिवारी, राजेश्वरी प्रधान, प्रेमिन सावरा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, कल्याणी यादव सदस्य आदि उपस्थित थे।

## निधन

### राजेश शर्मा

**महासमुंद।** वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं विचारक राजेश शर्मा का शुक्रवार सुबह एम्स हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्यगत कारणों से वे अस्पताल दाखिल थे। श्री शर्मा पूर्व में प्रेस क्लब के अध्यक्ष रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार एवं पत्रकारिता जगत को सूना कर गए। वे नरेंद्र शर्मा के भाई, बृजेश, नीलम के पिता थे। अंत्येष्टि में शहर के गणमान्य नागरिक एवं प्रेस क्लब के साथी मौजूद रहे।



न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील भंवरपुर, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

क्रमांक/2217/वा./ना.तह./2026
भंवरपुर, दिनांकः-27/01/2026

एतद् सर्वसाधारण एतद् द्वारा सर्वसाधारण के लिए सूचनार्थ प्रकाशन कराया जाता है कि, प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी रा. बसना से प्राप्त हुआ। आवेदक श्री हृषिकेशन पिता शंकर व अन्य 02 जाति बिंझवार निवासी व काश्तकार ग्राम कांशीपाली प.ह.नं. रा.नि.मं. सागरपाली तहसील बसना जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम कांशीपाली स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 236/1 रकबा 0.34 हे. भूमि को ग्राम कांशीपाली में मकान निर्माण कराये जाने ग्राम कापूडीह स्थित भूमि की गहरीकरण, फसल की सुरक्षा हेतु तार घेरा,, नलकूप खनन किये जाने से उक्त कृषि भूमि का सौदा रुक्मणीबाई राव पिता स्व मायाधर राव ग्राम सागरपाली, छोटेलाल नायक पिता चन्दा नायक जाति नायक ग्राम सागरपाली, मंगता प्रधान पिता स्व. परीक्षित प्रधान ग्राम पतेरापाली के पास प्रति डिसमिल 25,250/- (अक्षरी पच्चीस हजार दो सौ पचास रूपये) की दर से तय कर किया गया है। आवेदक द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत भूमि बिक्री मंजूरी हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः आवेदक के आवेदन अनुसार आवेदित भूमि का आदिवासी से गैर आदिवासी को भूमि विक्रय हेतु मंजूरी प्रदाय किये जाने से जिस किसी संस्था/ व्यक्ति को आपत्ति हो तो दिनांकः-13/02/2026 तक न्यायालय में उपस्थित होकर दावा पेश कर सकते हैं, बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 27/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
भंवरपुर

# मूढ़ीपार में विकसित भारत जी-राम-जी ग्रामीण रोजगार कार्य का निरीक्षण, हितग्राहियों को दी गई योजना की जानकारी

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विकासखंड की ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में संचालित विकसित भारत जी-राम-जी ग्रामीण रोजगार कार्यस्थल का जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम घृतलहरे तथा जनपद पंचायत सीईओ योगेश्वरी वर्मन ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर उपस्थित ग्रामीणों को योजना के उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी जी-राम-जी योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ग्रामीण विकास को गति मिलेगी। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति, मजदूरों की उपस्थिति एवं सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। कार्यक्रम में सरपंच सुमित्रा मुकेश पटेल, एपीओ राजकुमार दीवान सहित गांव के वरिष्ठ नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

4 मोटिवेशन कार्यक्रम, परीक्षा से पहले विद्यार्थियों...

4 एमकेबाहरा में पूर्णाहुति के साथ हुआ श्रीमद ...


# धान खरीदी का समय समाप्त, हजारों किसान अब भी नहीं बेच उपज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में तकरीबन 11 हजार किसान धान खरीदी की

- धान खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था और तकनीकी कारणों से कई किसानों को हुई थी दिक्कत

अंतिम तिथि तक धान नही बेच पाए थे। पश्चात, लगातार उठ रही मांग और किसानों की परेशानी को देखते हुए शासन प्रशासन द्वारा अतिरिक्त दो दिवस खरीदी किए जाने की घोषणा तो की गई। लेकिन, इससे भी जिले में तकरीबन 1 हजार किसान ही धान बेचने में सफल हो पाए। इस वर्ष की धान खरीदी प्रक्रिया समाप्त हो गई है। जिले में इस वर्ष कुल 1,60,118 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, इनमें से 1,49,567 किसानों से अब तक कुल 10 लाख 14 हजार लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है। हालांकि, इन आंकड़ों के बीच एक बड़ी समस्या यह उभर कर आई है कि पंजीयन कराने के बावजूद लगभग 10, 551 किसान धान बेचने से वंचित रह गए हैं। धान खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था और तकनीकी कारणों से कई किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। किसानों का कहना है कि 2 दिन का अतिरिक्त समय बहुत कम था, जिससे सभी शेष किसानों तक सूचना नहीं पहुंच पाई।

## बचे किसानों की बढ़ी परेशानी, 1,60,118 किसानों ने कराए थे पंजीयन, 11 हजार अभी भी बचे

### 10 हजार से अधिक किसान खरीदी से वंचित

जिले में कुल 1,60,118 पंजीकृत किसान थे, जिनमें से 1,49,567 किसानों से कुल 10 लाख 14 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई। इसके बावजूद, लगभग 10, 551 किसान इस साल अपना धान बेचने से चूक गए हैं। रामलाल ध्रुव ने बताया है कि पोर्टल की धीमी गति और टोकन न मिल पाने के कारण मेरा धान घर में ही पड़ा रह गया। शत्रुघ्न साहू ने कहा है कि अतिरिक्त दो दिन का समय बहुत कम था, परिवहन की व्यवस्था न होने से मैं केंद्र तक नहीं पहुंच पाया।



### आर्थिक नुकसान की चिंता

जिले के शेष किसानों के पास अब बड़ी मात्रा में धान बचा हुआ है। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान न बिकने के कारण अब उन्हें स्थानीय व्यापारियों को कम दाम पर धान बेचना पड़ेगा। इससे उन्हें प्रति क्विंटल भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, जिससे अगली फसल की तैयारी और कर्ज चुकाने में कठिनाई आएगी। प्रशासन का कहना है कि उन्होंने निर्धारित समय सीमा में अधिकतम खरीदी का प्रयास किया है, लेकिन धरातल पर हजारों किसानों की मायूसी एक अलग ही कहानी बयां कर रही है।

## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट सरपंच सहित तीन के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में सरपंच सहित तीन लोगों के विरूद्ध एक महिला के साथ गाली गलौज, मारपीट व गलत इशारा किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम नांदगांव की एक महिला ने एफआईआर में बताया कि वह भूमिहीन है। सरपंच भारत गेंड्रे ने प्रार्थिया को 19 जनवरी को ब्यारा में बुलाकर गलत इशारा व गाली गलौज कर कहा कि तुम्हारा नाम भूमिहीन सूची से नाम काट दिया गया है। इस दौरान सरपंच के साथियों द्वारा प्रार्थिया के साथ गाली गलौज व मारपीट भी की गई। वहीं शाम 6 बजे ग्राम पंचायत नांदगांव के सरपंच भारत गेंड्रे, केशरी गेंड्रे, सुजीत गेंड्रे द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3), 79 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चंडी गेट के पास एक्सीडेंट, दो की मौत

**महासमुंद।** बिरकोनी के चंडी गेट के पास बाइक की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि टोकराम यादव पिता गैतराम यादव (50 वर्ष) झारा थाना खल्लारी व सूरज निषाद पिता रमेश निषाद (22 वर्ष) झारा थाना खल्लारी 03 जनवरी को रात्रि 11 बजे अपनी मोटर सायकल से बिरकोनी चंडी मंदिर दर्शन करके वापस आ रहे थे। चंडी गेट के पास पहुंचने पर पीछे से मोटर सायकल सीजी 04 पीजेड 2495 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनों गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल इलाज के लिए लाया गया, जहां जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### नशीली दवा का परिवहन कर रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** नशीली दवा का परिवहन कर रहे एक युवक को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 5 फरवरी सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से एक मोटर सायकल में एक युवक प्रतिबंधित टेबलेट लेकर सरायपाली की ओर आ रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने फॉरेस्ट नाका सिरपुर के पास उसे पकड़ा। पूछताछ में संदेही ने अपना नाम शेख रेहान पिता शेख शाहिद (20 साल) वार्ड नं. 06 इस्लाम मोहल्ला, सरायपाली होना बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे अवैध नशीली दवा 899 नग नाइट्रोसुन 10 टैबलेट कीमत 6571.69 रुपए के अलावा एक बाइक, मोबाइल जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई : पुलिस ने की ग्राम बनसिवनी और कमार डेरा में छापेमारी

# अवैध शराब पर पुलिस का बड़ा प्रहार 247 लीटर जब्त और 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध नशीले पदार्थों के

- भारी मात्रा में महुआ शराब एवं निर्माण सामग्री किया जब्त

खिलाफ जारी अभियान के तहत पुलिस ने ग्राम बनसिवनी और कमार डेरा में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब और उसे बनाने की सामग्री बरामद की है। मामले में पुलिस ने कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर के जरिए पुख्ता जानकारी मिली थी कि ग्राम बनसिवनी के पास स्थित कमार डेरा में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब का निर्माण और भंडारण किया जा रहा है।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने शुक्रवार की सुबह लगभग 4 बजे योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की। अचानक हुई इस छापेमारी से आरोपियों को संभलने का मौका नहीं मिला। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 247 लीटर तैयार कच्ची महुआ शराब बरामद की। इसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 49,400 रुपये बताई जा रही है। इसके साथ ही, पुलिस को करीब 600 किलोग्राम महुआ लाहन भी मिला। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, यदि इस लाहन से शराब तैयार की जाती, तो इसकी मात्रा लगभग 1800 लीटर के करीब होती। पुलिस ने शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जैसे गैस सिलेंडर, चूल्हा और बड़े बर्तन भी जब्त किए हैं। जब्त किए गए उपकरणों की कीमत लगभग 35, 000 रुपये आंकी गई है। कुल जप्ती का मूल्य लगभग 84, 400 रुपये है।

**कानूनी कार्रवाई जारी:** पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।



7 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने इस अवैध कारोबार में शामिल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो सभी बनसिवनी और आसपास के क्षेत्रों के निवासी हैं। गिरफ्तार आरोपियों में चितेश्वर महेश्वरी (42 वर्ष), सुकलाल कंवर (38 वर्ष), कन्हैया बंजारे (49 वर्ष), राजेश मांडले (42 वर्ष), नेतराम कमार (28 वर्ष), पोखन टंडन (25 वर्ष), तोष कुमार (35 वर्ष) सामिल है।

# बगारपाली के जंगल में 10 जंगली सुअरों की मौत

### वन विभाग की सुरक्षा पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के वनमंडल से वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। पिथौरा वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बगारपाली वन कक्ष क्रमांक 211 और 212 में पिछले कुछ दिनों में सिलसिलेवार तरीके से 10 जंगली सुअरों की मौत हो गई है।

हैरानी की बात यह है कि इस बड़ी घटना की जानकारी स्थानीय स्तर पर दब गई थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब 3 फरवरी को इसकी लिखित शिकायत प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यप्राणी) अरुण कुमार पांडेय तक पहुंची। उच्च स्तर से निर्देश मिलने के बाद विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में जांच दल गठित कर घटनाक्रम की पड़ताल शुरू की गई।

### उच्च अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हाल ही में मुख्य वनसंरक्षक रायपुर वृत्त ने भी प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है। अब सबकी नजरें इस जांच की रिपोर्ट पर टिकी हैं। क्या विभाग अपनी गलतियों को सुधारते हुए दोषियों और लापरवाह कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई करेगा, या यह मामला भी पिछली घटनाओं की तरह केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएगा। बगारपाली के जंगलों में हुई यह घटना वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में एक बड़ी चेतावनी है।

# प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रत्यक्ष चर्चा में छात्रा सृष्टि ने प्रेरणादायी अनुभव साझा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिसमें जिले के नवकिरण अकादमी एवं सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी उद्बोधन सामूहिक रूप से देखा एवं सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए परीक्षा को उत्सव की तरह लेने, तनावमुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रत्यक्ष चर्चा में शामिल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा की कक्षा 12वीं (गणित संकाय) की छात्रा सृष्टि साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह अवसर उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा और इससे उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन करने की नई ऊर्जा मिली। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) रेखराज शर्मा द्वारा छात्रा सृष्टि साहू को बुके, पेन एवं डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, समय प्रबंधन एवं नियमित अध्ययन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। वहीं पालकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के मानसिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, प्राचार्य अमी रूफस, कौशल शुक्ला, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, नवकिरण अकादमी के समन्वयक डी. बसंत सहित डीएमएस स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित रहे।



# मोबाइल नंबर को पोर्ट कराकर रकम निकालने का प्रयास, दो लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक व्यक्ति के मोबाइल को छलपूर्वक पोर्ट कराकर रकम निकालने के षडयंत्र के मामले में सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

सरायपाली पुलिस को लव कुमार मानिकपुरी पिता रेशम दास मानिकपुरी (43 वर्ष) निवासी मेढ़ापाली ने बताया कि उसने लगभग तीन वर्ष पूर्व अंकित मोबाईल दुकान भंवरपुर के प्रोपाईटर अंकित अग्रवाल से जियो कंपनी सिम खरीदी था। इस मोबाइल नंबर से उसका आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता से लिंक है तथा इसी मोबाइल नंबर के माध्यम से व फोन पे चलाता था। 27 दिसंबर को एक्सीडेंट होने के बाद वह छुटटी लेकर घर पर ही आराम करता था। वहीं मोबाइल को उसका 7 वर्ष का बेटा रखा रहता था और पड़ोस में रहने वाले ऋतुराज बारिक के घर में जाकर वीडियो, गेम आदि देखता था। जब 18 जनवरी को उसने मोबाइल से कॉल करने के लिये प्रयास किया तो पता चला कि उसका सिम डिएक्टीवेट हो गया है। जानकारी लेने पता चला कि उसका सिम जियो से आइडिया कंपनी में पोर्ट हो चुका है। चूंकि उसने पोर्ट नहीं कराया था और अचानक से सिम बंद हो जाने के कारण वह जानकारी लेने के लिये भंवरपुर जाकर अंकित मोबाईल दुकान के संचालक अंकित अग्रवाल से मिला। तब अंकित अग्रवाल ने गोल मोल जवाब दिया और दबाव देने पर कुछ दिनों के बाद बताया कि आपका सिम 15 जनवरी को पोर्ट हुआ है एवं 18 जनवरी को दूसरे के नाम से एलॉट हो गया है। सिम का एलाटमेंट सागरपाली के जय दुर्गा मोबाईल दुकान से किया गया है। इसकी जानकारी लेने प्रार्थी जय दुर्गा मोबाईल दुकान गया और वहां के संचालक डिग्री पटेल ने बताया कि उसके मोबाईल नंबर को गोविंदराम खुटे पिता बलोचन खुटे निवासी तरेकेला के द्वारा उसके दुकान में आकर यूनिक पोर्टिंग कोड बताकर अपने नाम से एलॉट करा लिया है। इसके बाद उसने 1 फरवरी को गोविंदराम खुटे, जिससे उसकी पहले से पहचान है, के पास गया और पूछा कि मेरे सिम को अपने नाम से कैसे एलॉट करा लिया, इस पर आरोपी गोविंदराम ने अपनी गलती स्वीकार किया और बताया कि सिम डिस्ट्रीब्यूटर आरोपी अंकित अग्रवाल के साथ योजना बनाकर तुम्हारे बैंक खाता से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को अपने नाम से इश्यू कराया था, जिसकी पूरी प्रक्रिया बताई थी। जिसके माध्यम से कोड को बदलकर रकम निकाल कर आधा-आधा बांटने का प्लान बनाये थे। गोविंदराम खुटे ने ऋतुराज मेरा भांजा है, जिसके घर तुम्हारा बेटा जाता था। इसी दौरान उससे तुम्हारा मोबाइल लेकर पोर्ट का मैसेज जियो कंपनी में किया था और यूनिक पोर्टिंग कोड प्राप्त कर मैसेज को डिलीट कर दिया था। इसके बाद अपने नाम से सिम इश्यू कराकर दूसरे मोबाईल में डालकर उपयोग कर रहा था। उसने 19 जनवरी को 2000 एवं 10 रुपए फोन पे के माध्यम से निकालने का प्रयास किया था, किंतु ट्रांजैशन फेल हो गया था। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 318(4), 61(2), 62 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव की समापन संध्या पर कत्थक की मधुर थाप गूंजी

# महोत्सव में इशिका की कत्थक प्रस्तुति ने मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव की

- सांस्कृतिक संध्या को अविस्मरणीय बना दिया

समापन संध्या संस्कृति, कला और साधना के अनुपम संगम में सराबोर हो उठी। ऐतिहासिक सिरपुर की पावन धरती पर जैसे ही मंच से कत्थक की मधुर थाप गूंजी, पूरा वातावरण मंत्रमुग्ध हो गया। ऐसा प्रतीत हुआ मानो हर धडक़न, हर सांस उसी लय में बंध गई हो। इस भव्य सांस्कृतिक संध्या को अविस्मरणीय बना दिया युवा कत्थक नृत्यांगना इशिका गिरी की सशक्त और भावप्रवण प्रस्तुति ने। मंच पर कदम रखते ही उनके आत्मविश्वास, गरिमा और शालीनता से भरे व्यक्तित्व ने दर्शकों को बांध लिया। आंखों की प्रभावशाली भाषा, पैरों की सधी हुई थाप और भावों की सहज अभिव्यक्ति ने कत्थक की आत्मा को जीवंत कर दिया। करीब 15 मिनट तक चली इस प्रस्तुति में समय जैसे थम सा गया। हर चक्कर, हर ताल और हर भाव में इशिका की वर्षों की कठोर साधना स्पष्ट झलक रही थी। शास्त्रीय संगीत की लय पर उनके संतुलित और सधे हुए आंदोलनों ने वातावरण को भावनात्मक ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊंचाई तक पहुंचा दिया। दर्शकों की निगाहें मंच से हटने का नाम नहीं ले रही थीं। प्रस्तुति के समापन के साथ ही पूरा परिसर तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। दर्शकों ने खड़े होकर युवा कलाकार का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रदर्शन की मुक्त कंठ से सराहना की। रायपुर में जन्मी इशिका गिरी ने बहुत कम उम्र में शास्त्रीय नृत्य की राह चुन ली थी। महज सात वर्ष की आयु से कत्थक का अभ्यास कर रही इशिका वर्तमान में कक्षा 9वीं की छात्रा हैं। वे कमला देवी संगीत महाविद्यालय रायपुर में वरिष्ठ गुरु डॉ. आरती सिंह से कत्थक की विधिवत और सुसंगठित शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। इशिका की प्रस्तुति ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची कला उम्र की मोहताज नहीं होती। साधना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर युवा कलाकार भी शास्त्रीय परंपराओं में नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं।

सिरपुर महोत्सव के मंच पर उनका नृत्य केवल एक प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा की जीवंत, प्रेरक और स्मरणीय अभिव्यक्ति बन गया, जिसे दर्शकों ने खुले दिल से सराहा।



### गौ तस्करी का मामला: एफआईआर दर्ज, पिकअप वाहन और मवेशी जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**झलप।** जिले के तेंदुकोना थाना क्षेत्र में गौ तस्करी का मामला सामने आया है। बजरंग दल व गौ सेवकों की सतर्कता के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से ले जाए जा रहे गौवंश को मुक्त कराया। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना तेंदुकोना में अपराध क्रमांक 0016/2026 दर्ज किया गया है। यह घटना 5 फरवरी 2026 की रात 10:45 बजे की बताई जा रही है। एफआईआर के अनुसार ग्राम कलमीडीह बांध के आगे पुल के पास तेंदूकोना में पिकअप वाहन सीजी 11 एएम 5537 से अवैध रूप से एक नग मवेशी बैल को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था। एफआईआर के अनुसार पुलिस ने मौके से एक नग मवेशी (बैल) अनुमानित कीमत 30,000 रुपए, पिकअप वाहन सीजी 11 एएम 5537 अनुमानित कीमत 5,00,000 रुपए को जब्त की है। कुल जब्त मूल्य 5,30,000 बताया गया है। पुलिस ने मौके से आरोपी नंदलाल दास मानिकपुरी (37 वर्ष) निवासी सारागांव, थाना तेंदूकोना को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक प्रक्रिया में लिया गया। फरार आरोपी की पहचान बबलू सतनामी निवासी सराईपाली बेलटुकरी ओडिसा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

खबर संक्षेप



## लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर स्वच्छता अभियान चलाया गया

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्या मदिर खरोरा में स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्कूल की विद्यार्थी एवं शिक्षिका नीलम कोसरो, लता चंद्राकर, माधुरी पटेल, मनीषा चंद्राकर, हीना चंद्राकर, ललिता धीवर, रूक्मणि सारथी, दीपा कुर्रे, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने लता मंगेशकर को पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। बता दें कि लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर में हुआ। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर एक कुशल रंगमंचीय गायक थे। दीनानाथ ने लता को तब से संगीत सिखाना शुरू किया, जब वे पांच साल की थी। उनके साथ उनकी बहनें आशा, उषा और मीना भी सीखा करतीं थीं। लता मंगेशकर को लोगों ने हमेशा याद करते हैं।

## सिरपुर में ध्रुव गोंड़ समाज की वार्षिक आमसभा 13 से

**महासमुंद**। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र सिरपुर की वार्षिक आमसभा 13 और 14 फरवरी को सिरपुर स्थित कार्यालय में होगा। मुख्य कार्यक्रम बूढ़ादेव पूजन (गोंगो), पदाधिकारियों का स्वागत, सम्मान, प्रतिभावान व उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान, सांस्कतिक कार्यक्रम, आय व्यय का विवरण, पदाधिकारियो का मनोनयन किया जाएगा।

## छात्रों, पालकों और अधिकारियों ने देखा परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण

**महासमुंद**। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी उद्बोधन को सामूहिक रूप से देखा और सुना। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, प्राचार्य अमी रूफस, कौशल शुक्ला, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, नवकिरण अकादमी के समन्वयक डी. बसंत सहित डीएमएस स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए परीक्षा को उत्सव की तरह लेने, तनावमुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया।

### आयोजन : परसुली के विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता के दिए मंत्र

# मोटिवेशन कार्यक्रम, परीक्षा से पहले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



शासकीय श्रीबूढ़ा देव हाई सेकंडरी स्कूल परसुली में अध्यनरत कक्षा 10 वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मोटिवेशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल, सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, परसुली सांसद प्रतिनिधि दुकालूराम पटेल, नर्रा सरपंच लीला बाई दीवान, पंडरीपानी सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, परकोम एवं समिति के सदस्य भोजराम चक्रधारी, पूर्व उप सरपंच बालेश्वर चक्रधारी आदि विराजमान रहे। जनपद सदस्य लोचन पटेल ने आगामी दिनों 10वी और 12वी बोर्ड परीक्षा 2025-2026 की तैयारी, परीक्षा में सफलता का मंत्र व मार्गदर्शन दिए। मेहनत इतनी खामोशी से करो कि तुम्हारी सफलता शोर मचा दे, जब आप अच्छे अंक से उत्तीर्ण होंगे तो न केवल आपके माता पिता का सिर गर्व से ऊंचा होगा बल्कि आपके स्कूल और शिक्षको का नाम भी रोशन होगा। डरे नहीं डटकर मुकाबला करें। परीक्षा तनाव अक्सर आपकी काबिलियत को कम कर देता है, याद रखे परीक्षा आपके भविष्य एक हिस्सा है। रटने के बजय समझने पर जोर दिया। टाइम टेबल हर विषय के लिए समय निश्चित करें। कठिन विषयों को सुबह के समय पढ़े, जब दिमाग फ्रेश होता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दुकालूराम पटेल ने छात्र-छात्राओं से कहा कि परीक्षा केवल अंकों का खेल नही है, बल्कि आपके धैर्य, अनुशासन और मेहनत की परीक्षा है। स्कूल की नाम रोशन करना गौरव की बात है और यह आपकी लगन से संभव है। वहीं अच्छे मन लगन से पढाई कर परीक्षा मे उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता और गुरु का नाम रोशन करने की बात कही।

परसुली हाईस्कूल सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल ने कहा कि मैं भी पूर्व में इस स्कूल का छात्र रहा हूं। दस से पंद्रह वर्ष पूर्व पढ़ाई में लड़कों की संख्या अधिक हुआ करती थी। उन्होंने कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को कहा कि बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल कर स्कूल व मां-बाप का नाम रोशन करें। सांसद प्रतिनिधि द्वारा सभी छात्रों को पेन वितरण कर जलेबी खिलाकर मुंह मीठा कराया। मंच संचालन एवं आभार प्रगट संस्था के प्राचार्य मुकेश टांडियल ने किया।

## सपने देखना कोई अपराध नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सपने देखना कोई अपराध नहीं है। सपने अवश्य देखने चाहिए, लेकिन केवल सपनों के बारे में सोचते रहना पर्याप्त नहीं है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए कर्म सबसे अधिक आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने छात्रों से संवाद के दौरान देश को आगे बढ़ाने के लिए मेड इन इंडिया को अपनाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने स्वच्छता को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि साफ-सफाई रखना और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा की संयुक्त पहल से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों सहित कुल 75 लोगों ने एलईडी टीवी के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्त करना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा परीक्षा को उत्सव के रूप में देखने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सुझावों पर बच्चों के साथ प्रश्न-उत्तर संवाद किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक हितेश पटेल सहित विद्यालय स्टाफ के सभी शिक्षक उपस्थित रहे, जिनमें तबस्सुम शेख, दिलीप कुमार पटेल एवं संतोष साहू प्रमुख रूप से शामिल थे।



## देवरी स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया

**महासमुंद**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कर विद्यालय में उपस्थित 200 छात्र-छात्राओं और 14 शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा सुना गया। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे, संजय बारसागढ़े, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, भोजराम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, नीलू सोनी, आनंद राम व्यौहार, बीएल टंडन सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक पुष्कर वर्मा, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश साहू, रईस मिर्जा उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के पश्चात छात्रा धनेश्वरी सेन के द्वारा फीडबैक दिया गया और बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी अपनाने, समय का सदुपयोग करने, अपना कर्तव्य ईमानदारी से करने, स्वच्छता अपनाने, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति करना है और 2047 तक विकसित भारत बनाना है।

# एमकेबाहरा में पूर्णाहुति के साथ हुआ श्रीमद भगवत गीता ज्ञान यज्ञ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

■ योगशक्ति ब्रह्माकुमारी भारती ने ईश्वरीय ज्ञान के माध्यम से आत्मिक जागृति का संदेश दिया

क्षेत्र के ग्राम एमकेबाहरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की गीता पाठशाला के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भगवत गीता ज्ञान यज्ञ प्रवचन माला का समापन भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण में पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। कथा वाचक ब्रह्माकुमारी भारती दीदी ने कर्म योग और ईश्वरीय ज्ञान के माध्यम से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, तनाव मुक्ति और आत्मिक जागृति का संदेश दिया।

ब्रह्माकुमारी दीदी ने गीता समापन समारोह में मुख्य रूप से कहा कि गीता को केवल युद्ध का ग्रंथ न मानकर, इसे मन और इंद्रियों को जितने का शास्त्र कहा, उन्होंने निष्काम भाव से अपना कर्तव्य करते हुए ईश्वर के शरण में समर्पित होने के साथ साथ श्रीमद भगवत गीता के माध्यम से जन मानस को अंधविश्वास से मुक्ति और आत्मविश्वास से बढ़ाने पर जोर दिया। समापन दिवस पर कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों के साथ साथ क्षेत्रवासी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सभी ने ज्ञान-चर्चा और व्यसन मुक्त जीवन जीने की प्रतिज्ञा के साथ मानो विकारों की पूर्णाहुति दी। तत्पश्चात कथावाचक ब्रह्माकुमारी भारती दीदी, ब्रह्मकुमारी गायत्री, माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार कृपाल भाई, बीके रूपाली का आयोजक समिति सदस्यगण, ग्राम सरपंच संगीता पटेल, गुणनिधि पटेल, ग्राम प्रमुख ढेलू राम चंद्राकर, संतराम पटेल, देवकराम, तिलक साहू, कमल साहू, सहित ग्राम वासियों ने बाजे गाजे के साथ घर-घर से आरती, फूल माला से स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम के लिए ग्रामवासियों ने हेमिन-भागवत राम साहू, वरिष्ठ सदस्य वास्तु लाल पटेल, सहयोगी सेवाधारी रामानंद चंद्राकर, प्रकाश पटेल, नेहा, भीम, मनोहर, घनश्याम, जयंती, रेवती, पार्वती, चित्रा, गरिमा, लालती जागेश्वरी का शाल फल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। बिलासपुर से पधारे शरणजीत एवं सुभाष ने सुमधुर गीत एवं नृत्य ने सबका मन मोहा। संस्थान के युवा साथी पुनेश, प्राण नाथ, पीतांबर, छगन, नेहा का ग्रामवासियों ने सम्मान किया।

# छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक के प्रारंभ में नए सदस्यों का सम्मान किया गया। जिसमें कृपाराम सागर शिक्षा विभाग, हरिराम दीवान मत्स्य विभाग, श्रवण कुमार दास शिक्षा विभाग, पुनीत राम मारकंडे शिक्षा विभाग, दयालु सिंह ठाकुर सहकारिता विभाग का अंग वस्त्र प्रशस्ति पत्र एवं सदस्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। सभी सदस्यों ने अपने अनुभव एवं विचार व्यक्त किए। फरवरी माह में जिन सदस्यों का जन्मदिन है उनका जन्मदिन मनाया गया। जिनमें से कृष्णा चंद्राकर पंचायत विभाग, बसंत चंद्राकर कृषि विभाग, सनमान सिंह दीवान, उद्यानिकी विभाग का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। माह दिसंबर 2026 में जिले में प्रांतीय पेंशनर दिवस मनाने की तैयारी के संबंध में चर्चा हुई। जिसमें विभिन्न समितियों के गठन पर विचार किया गया एवं सहयोग राशि नियमित जमा करने के संबंध में सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दिया। एसबीआई लाइफ के शाखा प्रबंधक चेतन चंद्राकर द्वारा संगठन को पांच कुर्सियां प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि चंद्राकर द्वारा पूर्व में भी 10 कुर्सियां संगठन को दिया गया है। एसबीआई लाइफ के शाखा प्रबंधक द्वारा एसबीआई लाइफ एवं बैंकिंग में होने वाले फ्रॉड के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया उन्होंने नये पेंशनरों को प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। पेंशनधारी कल्याण संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रघुनाथ सिन्हा द्वारा संगठन को मजबूत बनाने संबंधी अपने विचार व्यक्त किया। महिला प्रकोष्ठ से प्रभा पंडा ने भी विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं को संगठित करने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही 17 दिसंबर 26 को पेंशनर दिवस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। उपाध्यक्ष केके हनुमंता ने संगठन की शक्ति पर अपना विचार व्यक्त किया। केआर चंद्राकर संरक्षक द्वारा संघ के गतिविधियों के साथ-साथ संघ के द्वारा पूर्व मे संगठन के लिए प्रयास के बारे में विस्तार से बताया। कृपाराम सागर एवं हरख राम चंद्राकर द्वारा मधुर गीत से बैठक में समा बांध दिया। अंत में मधु शर्मा की माता ललिता शर्मा एवं कमलेश पांडे व्याख्याता की आकस्मिक निधन में उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर प्रार्थना किया गया। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष डॉ अशोक गिरि गोस्वामी एवं बलराम ध्रुव कार्यालय सचिव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बैसाखूराम देवांगन सचिव, मनराखन ध्रुव, सनमान सिंह दीवान, छबिराम दीवान, दयालु सिंह ठाकुर अर्जुन लाल साहू, श्रवण कुमार दास, दूषन लाल साहू, बैसाखू राम निर्मलकर, सुग्रीव प्रसाद तिवारी, भाव सिंह नेताम, चिंतामणि चंद्राकर, पुनीत राम मारकंडे, मनहरण लाल ठाकुर, बुधारू राम ध्रुव, डीआर सोरी, पुनीत राम चंद्राकर, रघुनाथ सिन्हा, राम नारायण चंद्राकर, कृपाराम सागर, राम बाई गुरु दत्ता प्रभा पंडा, केआर चंद्राकर, हरिराम दीवान, केके हनुमंता, चमन लाल चंद्राकर, पवन देवांगन, सतीश कुमार पांडेय, बीआर साहू, गेंद लाल साहू, हरक राम चंद्राकर, महेश कुमार शर्मा, गजानंद चंद्राकर, जीएस दीवान, विद्या उपाध्याय, सरला चंद्राकर, आरएस पटेल, जीवन साहू, प्रेमलाल पटेल, बसंत चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ में युवाओं का चयन खल्लारी छायाचित्र किया भेंट

**खल्लारी**। कार्यालय उपमहानिरीक्षक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (ग्रुप केंद्र) छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पुलिस भर्ती बल के सीआरपीएफ, सीआईएसएफ के पद पर खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोल्दा व मोहगांव के युवाओं का परिक्षा उपरांत चयन हुआ। जिसमें सीआरपीएफ में सोहनलाल दीवान एवं सीआईएफ में वासुदेव दिवान (कोल्दा), शीतल प्रकाश दिवान (मोहगांव) का चयन हुआ है। चयन पर सोरम सिंघी निवासी थलेश कुमार साहू व हिमांशु दीवान, खिलेश कुमार दीवान ने मां खल्लारी का छायां चित्र भेंट किया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, राहुल कुलदीप, नीरू मानिकपुरी, मिल्लूराम साहू, कोमल महानंद, रमेश तिवारी, भुनेश्वर सिन्हा, मनहरण गुप्ता, इंद्र कुमार चौहान, माखन यादव, चमन गुप्ता, हरिशचंद्र विश्वकर्मा, केवल यादव, राजेंद्र सेन, चोखे सिन्हा, रमेश ठाकुर, करण निर्मलकर, खिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, कुलेश्वर भारती, फिरोज खान, रामभजन साहू, नईम खान, पदुमलाल साहू, रोशन साहू, उदय साहू, द्वारिका प्रसाद साहू, कबीर साहू, चैनसिंह कौशिक, रैणुलाल चौहान, रेखराज निर्मलकर, नीलकंठ यादव, सोहनलाल निषाद, टेकचंद यादव, बरूण यादव आदि ने हर्ष जताया है।

## परसुली से बनियातोरा बहुप्रतिक्षित मार्ग का निर्माण कार्य शुरू...



**नर्रा**। परसुली से बनियातोरा पहुंच मार्ग सड़क निर्माण के लिए काम शुरू हो गया है। जिसकी लंबाई लगभग साढ़े 3 किलोमीटर स्वीकृत राशि पुल-पुलिया सहित 3,41.45 करोड़ रुपए से बनने जा रहा है।

## वेडनर स्कूल के छात्र ठाकुर प्रसाद को मिला ब्रॉन्ज मेडल

**महासमुंद**। वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के छात्र ठाकुर प्रसाद साहू को



पेसापोलो खेल जो 16 जनवरी को हर्ष इंटरनेशनल स्कूल जिंद हरियाणा में आयोजित किया गया था, में जीत हासिल कर तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। छत्तीसगढ़ से एकमात्र ठाकुर प्रसाद साहू ही गए थे, जिन्होंने इस खेल में जीत हासिल की। उनकी इस सफलता पर शाला के प्राचार्य रेव्ह.फादर देवानंद बाघ सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं में हर्ष व्याप्त है। मार्गदर्शन देने में खेल प्रभारी छन्नू लाल साहू का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।




# शांत्रीबाई कॉलेज में आनंद मेला एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शांत्री बाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आनंद मेला एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, संचालक सदस्य द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्ज्वलन पश्चात समाजवादी नेता व भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री व छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति के संस्थापक स्व. पुरुषोत्तम कौशिक की प्रतिमा पर माल्यार्पित और छग के राजकीय गीत गायन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य-गीत, नाटक, खेल-मनोरंजन गतिविधियां, विभिन्न स्टॉल, स्वादिष्ट व्यंजन, शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता एवं टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। आनंद मेला एवं



ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सहयोग भावना तथा सामाजिक दायित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक परिस्थितियों में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, उसे निखारने तथा समाज के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करते हैं।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने कहा कि आज का यह शुभ अवसर हमारे महाविद्यालय के लिए विशेष महत्व रखता है। क्योंकि, हम सभी यहां आनंद मेला एवं वार्षिक उत्सव के रूप में विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं ऊर्जा का उत्सव मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। महाविद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के बारे में कार्य करता है। इस आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत, नाटक, खेल-मनोरंजन गतिविधियां एवं विभिन्न स्टॉल इस बात का प्रमाण हैं कि हमारे विद्यार्थी न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्र में भी निरंतर प्रगति कर रहे हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन महाविद्यालय बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर एवं मंच संचालन सहायक प्राध्यापक आकांक्षा सिंह व गोविंद श्रीवास ने किया।